[श्री सुरेन्द्रजीत सिंह अहलूवालिया]

अन्य उत्पादों का विनिर्माण करने के लिए भी तिलहनों से खाद्य तेलों और अन्य तेलों के और अधिक प्रभावी ढंग से निष्कर्षण को सुसाध्यकर बनाने तथा तत्संबंधी विषयों का उपबंध करने वाले विधेयक को पुरःस्थापित करने की अनुमति दी जाए।

The question was put and the Motion was adopted.

श्री सुरेन्द्रजीत सिंह अहलूवालिया : महोदय, मैं विधेयक को पुरःस्थापित करता हूं।

THE CODE OF CRIMINAL PROCEDURE (AMENDMENT) BILL, 1991

श्री सत्य प्रकाश मालवीय (उत्तर प्रदेश): उपसभाध्यक्ष जी, मैं प्रस्ताव करता हूं कि निर्धन व्यक्तियों को वित्तीय राहत देने और तत्संबंधी विषयों का उपबंध करने वाले विधेयक को पुरःस्थापित करने की अनुमति दी जाए ।

The question was put and the Motion was adopted.

श्री सत्य प्रकाश मालवीय : महोदय, मैं विधेयक को पुरःस्थापित करता हूं।

THE FINANCIAL RELIEF TO INDIGENT PERSONS BILL, 1991

श्री सत्य प्रकाश मालवीय (उत्तर प्रदेश): उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं प्रस्ताव करता हूं कि निर्धन व्यक्तियों को वित्तीय राहत देने और तत्संबंधी विषयों का उपबंध करने वाले विधेयक को पुरःस्थापित करने की अनुमति दी जाए।

The question was put and the Motion was adopted.

श्री सत्य प्रकाश मालवीय : मैं विधेयक को पुरःस्थापित करता हूं।

THE ANCIENT MONUMENTS AND ARCHAEOLOGICAL SITES AND REMAINS (AMENDMENT) BOX, 1991

श्री सत्य प्रकाश मालवीय (उत्तर प्रदेश) : उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं प्रस्ताव करता कि प्राचीन संस्मारक तथा पुरातत्वीय स्थल और अवशेष अधिनियम, 1958 का और संशोधन करने वाले विधेयक को पुरःस्थापित करने की अनुमति दी जाए ।

The question was put and the Motio was adopted.

श्री सत्य प्रकाश मालवीय :: मैं विधेयक को पुरःस्थापित करता हूं ।

THE CONSTITUTION (AMENDMENI BILL, 1991 (TO AMEND ARTICLE 81

SHRI M. A. BABY (Kerala): Sir, beg to move for leave to introduce a Bil further to amend the Constitution India.

The question was put and the Motio was adopted.

SHRI M. A. BABY: Sir, I introduc the Bill.

THE FINANCIAL RELIEF TO OLI PERSONS AND WIDOWS BILL, 1990-*contd.*

श्री सत्य प्रकाश मालवीय (उत्तर प्रदेश) : माननीय उपसभाध्यक्ष महोदय, श्री सुरेश पचौरी जी द्वारा यह है जो वृद्ध व्यक्तियों तथा विधवाओं के लिए वित्तीय राहत विधेयक, 1990 प्रस्तुत किया गया है, मैं उसका समर्थन करने के लिए खड़ा हुआ हूं ।

उपसभाध्यक्ष जी, समाज के जो उपेक्षित वर्ग के लोग हैं और विशेषकर जो कमजोर वर्ग के लोग हैं उनको इस प्रकार से राहत देने के लिए इनका विधेयक है । यह विधेयक पचौरी जी ने क्यों प्रस्तुत किया है, उसकी चर्चा विस्तार से उन्होंने अपने सारगर्भित भाषण में की है। इस विधेयक के जो उद्देश्य और कारण हैं उनका भी उन्होंने विस्तार से उल्लेख किया है । सदन में इसी सत्र में बार बार चर्चायें उठी हैं कि हमारी बहनों के ऊपर, विधवाओं के ऊपर और कमजोर वर्ग के लोगों के ऊपर अत्याचार होते हैं और नित्य इस सदन में या दूसरे सदन में चर्चायें उठती हैं। दूसरे ही दिन फिर

उसी प्रकार से अत्याचारी घटनायें हो जाती हैं । यह आवश्यक है कि बहुत से नियम भी, कानून भी हैं, अधिनियम भी हैं, लेकिन फिर भी या तो कहीं न कहीं उनका परिपालन नहीं हो पाता है और यदि कहीं परिपालन होता भी है तो जिन लोगों के हाथ में इन कानूनों को लागू करने की शक्ति है उन में या इच्छा शक्ति की कमी है या पूरी इच्छा से उसको लागू नहीं कर पाते हैं । इसलिए आये दिन इस प्रकार की घटनायें घटती रहती हैं। साथ साथ बहुत सी सामाजिक संस्थायें भी हैं, विधवा आश्रम भी हैं जहां पर हमारी बहिनों को जाकर, मजबूर होकर रहना पड़ता है । विधवा आश्रम के के लिए बहुत से कानून हैं। एक तो मेरा सुझाव यह है कि विशेष करके जो विधवा आश्रम हैं जहां जाकर हमारी बहिनों को शरण लेनी पड़ती है उनके संबंध में एक विस्तृत आयोग बैठाना चाहिए सरकार को कि वहां क्या कमी है, किस प्रकार की उनकी शिकायतें हैं । अक्सर उनके संबंध में चित्तरंजन दूरदर्शन में दिखाया जाता है। उससे जानकारी होती है कि किस प्रकार से उनका वहां उत्पीड़न होता है, किस प्रकार से शारीरिक शोषण भी उनका वहां किया जाता है। साथ साथ उनसे ऐसे काम किये जाते हैं जिन कामों को करने की उनमें शक्ति नहीं होती । इसलिए मैं सुझाव देना चाहता हूं कि जो विधवा आश्रम हैं उनकी क्या कार्य प्रणाली है, उनकी कार्य प्रणाली से हमारी बहिनों को कहां तक संतोष होता है, उसमें क्या कमियां हैं उनकी जानकारी करने के लिए सरकार को एक आयोग बैठाना चाहिए । जब आयोग की रिपोर्ट आ जाए तो जो हमारे राजनैतिक दलों के बड़े बड़े नेता हैं उनके साथ बैठकर विचार विमर्श करने के बाद सरकार की ओर से एक ऐसा कदम उठाया जाना चाहिए जिससे कि समाज के इस उपेक्षित और कमजोर वर्ग को राहत मिले।

दूसरा, जो वृद्ध लोग हैं, चाहे उनमें वृद्धायें हों या वृद्ध, इनको भी आज उपेक्षा की दृष्टि से देखा जाता है। उसका शायद कारण यह है कि हमारे यहां जो संयुक्त परिवार की परिपाटी थी वह धीरे धीरे खत्म हो रही है या कम हो रही है। यदि हमारे परिवार में कोई वृद्ध है तो कुछ लोग यह समझते हैं कि ये बेकार के व्यक्ति हैं, हमारे किसी काम के नहीं हैं। इसलिए उनका सम्मान नहीं किया जाता है। यह एक ऐसा विषय है जिस पर हमको गम्भीरता से विचार करना चाहिए । हमारे संविधान में भी प्रावधान है, शायद अनुच्छेद 41 में, कि जो वृद्ध लोग हैं उनकी स्थिति में सुधार लाने के लिए या उनकी मदद करने के लिए अलग अलग प्रदेशों में कानून बनाये जा सकते हैं । बहुत जगह ऐसे कानून हैं भी । मेरे पास कुछ आंकड़े उपलब्ध हैं । 1983–84 तक के आंकड़े मेरे पास हैं । इसके बाद हमको मिल नहीं पाए । इनमें भी जो कहीं कहीं पर डिपार्टमेंट आफ सोशल वेलफेयर की ओर से वृद्धों या विधवाओं को पेंशन देने के नियम, कानून और रूल्स बने हैं उनके अनुसार अधिकतर राज्यों में कहीं 60 रुपये प्रतिमाह कहीं 30 रु० प्रति माह और कहीं 50 रु० प्रतिमाह तक की पेंशन मिलती है । यह सोचना कि केवल इतना रुपया मासिक पेंशन देने के बाद इन वृद्धों लोगों को राहत मिलेगी, उचित नहीं है। जिस तरीके से आज मंहगाई हुई है । कीमतों में बढ़ोत्तरी हो रही है, जिस तरीके से रहन सहन के स्तर में थोड़ी अच्छाई आ रही है, तब इन सारी चीजों को देखकर भारत सरकार को भी इस ओर ध्यान देना चाहिए। यह सही है कि जो राज्य सरकारें हैं उनको अपने स्रोत से अपना जो उनका बजट है उसी स्रोत से इस संबंध में बजट में प्रावधान करना पड़ता है । बहुत सी ऐसी राज्य सरकारें हैं जिनकी अपनी शक्ति नहीं है, अपनी आर्थिक स्थिति नहीं है । इसलिए मेरा सुझाव है कि ये जो विधवाओं और वृद्ध लोगों को पेंशन देने का प्रावधान है इसके संबंध में भारत सरकार को विशेष रूप से ध्यान देना चाहिए और जो छोटे छोटे राज्य हैं विशेष रूप से उनको जो पेंशन राशि दी जा रही है उसमें वृद्धि का प्रावधान करना चाहिए ।

हरियाणा का राज्य हमारे बगल में है । पिछली सरकार ने यह फैसला लिया था कि जो वृद्ध लोग हैं उनको पेंशन

[श्री सत्य प्रकाश मालवीय]

नहीं लेकिन उनके सम्मान के लिए सरकार की ओर से मासिक सहायता का प्रावधान किया जाएगा । लेकिन समाचार पत्रों से भी और वहां जाने पर भी हम लोगों को जानकारी हुई है कि वर्तमान सरकार जो वहां पर है वह उस पेंशन को खत्म करने की योजना बना रही है और बहुत से लोगों के पास नोटिस भी चली गयी हैं कि उनको पेंशन बंद कर दी गयी है । मेरा सरकार से नम्र निवेदन है कि हरियाणा के मामले में जो इस पेंशन के बारे में मैंने ध्यान आकर्षित किया है, जो पेंशन की योजना पिछली सरकार ने भी दी थी, उसके संबंध में सरकार को पूरा ध्यान देना चाहिए और अगर उस पेंशन में कोई कटौती की गई है, कमी की गई है या गरीब लोगों के नाम, काटे गये हैं तो पूर्ववत: उसी तारीख को स्थापित कर देने चाहिएं ।

चौथा ,मेरा एक सुझाव यह है कि एक भूतलिंगम कमेटी बनी थी इस सिलसिले में और उस कमेटी ने भी अपनी रिपोर्ट दी थी । उस रिपोर्ट के संबंध की अभी तक क्या कार्यवाही हुई है ? उनमें बहुत सी संस्तुतियां थीं । मेरी जानकारी के अनुसार केवल एक संस्तुति को छोड़कर उनकी और कोई संस्तुति लागू नहीं की गई है । तो मैं यह भी चाहूंगा कि जो भूतलिंगम कमेटी की रिपोर्ट वृद्ध लोगों के लिए, समाज के उपेक्षित वर्ग के लोगों के लिए, कमजोर वर्ग के लिए है, उसके संबंध में भी सरकार देखने का ध्यान करेगी ।

दूसरे प्लानिंग कमीशन ने एक सब-ग्रुप बनाया था । इस सिलसिले में उनकी कुछ सस्तुतियां हैं, जिसमें उन्होंने कहा था कि—

Sub-group appointed for recomending pro. posals for the welfare of the aged in the Seventh Plan had suggested: (1) To frame a national policy for the aged; (2) setting up council on ageing; (3) providing services to the elderly in both rural and urban areas; (4) covering all the destitute old under the oM-age pension scheme; (5) promoting voluntary efforts; (6) having a national survey to identify the problems and needs of the aged and utilising thet aged for national development.

प्लानिंग कमीशन ने जो सब-ग्रुप बिठाया था, उसने इन संस्तुतियों को कर रखा है और काफी विचार-विमर्श के बाद बहुत सी मीटिंग्स करने के बाद लोगों से सलाह-परामर्श करने के बाद और भारत सरकार की इस संबंध में जो पहले रिपोर्ट्स हैं, उनको देखने के बाद प्लानिंग कमीशन के सब-ग्रुप ने अपनी सस्तुतियां दी हैं । मैं चाहूंगा कि यदि इन संस्तुतियों को कार्यान्वित किया जाए, तो निश्चित ही इस वर्ग का, जिसके लिए मेरे विद्वान सदस्य श्री सुरेश पचौरी ने यह विधेयक प्रस्तुत किया है, इनको लाभ मिलेगा ।

अंत में मैं एक बात कह कर मैं अपनी बात समाप्त करुंगा कि जो वृद्ध लोगों के लिए बहुत से होम्स फार एजिड होते हैं, जो वृद्ध लोग हैं या इस तरीके के जो ऐसे बहुत से लोग हैं, जिनके लड़के बाहर रहते हैं या जिनकी आर्थिक स्थिति कमजोर नहीं है, या किन्हीं कारणों से उनको अपने परिवार से विरक्ति हो गई है, तो ऐसे भी संस्थान जो इस प्रकार के गृह को चलाते हैं, उनके संबंध में भी सरकार को ध्यान देना चाहिए और उनकी स्थिति सुधारने के लिए कदम उठाने चाहिएं ।

मैं एक-दो अन्य बातों की ओर आपका ध्यान आकृष्ट करना चाहूंगा । आप जिस तरीके से हमारे देश के प्रधान मंत्री, वह भी काफी वृद्ध हैं, 95–96 वर्ष के हो गये हैं, जिस तरीके से उनको भारत रत्न की उपाधि दी गई है–मैं ध्यान आकृष्ट कर रहा हूं कि उनकी आयु भी 96 वर्ष की है ।

उपसभाध्यक्ष (श्री भास्कर अन्नाजी मासोदकर) : भारत रत्न का उससे क्या संबंध है ?

श्री सत्य प्रकाश मालवीय : मैं एज की बात कर रहा हूं । उनकी आयु 96 वर्ष की है । तो वह बहुत उचित नहीं था ।

दूसरे एक स्पेशल प्रोटैक्शन ग्रुप का विधेयक आने वाला है। उसमें भी इस बात का प्रावधान किया गया है कि जो भूतपूर्व प्रधान मंत्री है, उनकी सुरक्षा का प्रावधान किया गया है और उसमें यह भी कहा गया है कि जो सुरक्षा का उपयोग न करना चाहें, वह इसके लिये इंकार कर सकता है। लेकिन उसमें इस बात की भी चर्चा है कि प्रधान मंत्री के पद से हटे यदि पांच वर्ष से अधिक हो गया है, तो उनके लिये किसी प्रकार की सुरक्षा उस अधिनियम के तहत नहीं की जायेगी।

तो मैं इसलिए इस बात की ओर ध्यान आकर्षित कर रहा हूं कि हमारे देश में आज भी ऐसे दो भूतपूर्व प्रधानमंत्री हैं, जिनकी आयु 94-95 वर्ष के ऊपर हो गई है। एक तो श्री मोरारजी भाई और दूसरे श्री गुलजारी लाल नंदा जो इस देश के दो बार प्रधान मंत्री रह चुके हैं। मेरी समझ में यदि यह प्रावधान उसमें न होता, तो अच्छा होता और मोरारजी भाई और गुलजारी लाल नंदा, मैं समझता हूं कि कभी भी सुरक्षा नहीं लेते हैं। लेकिन यह बात मैं इस लिये कह रहा हूं कि यह जो अधिनियम लाया गया है, उसमें भी इन वृद्धों का ख्याल नहीं किया गया है।

उपसभाध्यक्ष (श्री भास्कर अन्नाजी मासोदकर) : **मालवीय जी**, जब वह अधिनियम आयेगा...

श्री सत्य प्रकाश मालवीय : मैं वृद्धों की चर्चा कर रहा हूं। उनका जो विधेयक है, वह इसी से संबंधित है। तो मैं इस चीज की ओर ध्यान आकर्षित करके मैं पूरी तरह से आश्वस्त हूं कि जब मंत्री जी जवाब देंगे तो कम से कम इनका जो विधेयक है सुरेश पचौरी जी का। उसको वह स्वीकार करेंगे और यदि नहीं करते हैं तो कम से कम इस प्रकार का आश्वासन देंगे कि जिनकी सुरक्षा के लिये, जिनकी भलाई के लिये यह विधेयक लाया गया है उनको लाभ पहुंचे।

श्री सुरेन्द्रजीत सिंह अहलुवालिया (बिहार) : उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं "वृद्ध व्यक्तियों और विधवाओं को वित्तीय राहत की व्यवस्था विधेयक, 1990" जो कि हमारे परम मित्र सांसद् श्री सुरेश पचौरी जी ने पेश किया है, उसका समर्थन करने के लिये खड़ा हुआ हूं। उपसभाध्यक्ष महोदय, आये दिनों हमें इस देश की राजधानी दिल्ली के अखबारों में पढ़ने को मिलता है, कभी साउथ दिल्ली में और कभी ईस्ट दिल्ली में और कभी नार्थ दिल्ली में और कभी वेस्ट दिल्ली में, किसी वृद्ध दंपत्ति की हत्या करके उसकी संपत्ति को लूट लिया जाता है और उसकी संपत्ति पर कब्जा कर लिया जाता है। यह आये अखबारों की सुर्खियों की मेन खबर है। हम जब इस विधेयक को पारित करने के लिये विचार कर रहे हैं, उस वक्त जब ऐसी खबरें पढ़ते हैं तो बड़ा अफसोस होता है कि इतने वर्ष हो गये हमारे देश को आजाद हुये, पर हमारी मानसिकता में अभी तक ऐसा कोई परिवर्तन क्यों नहीं हुआ है कि हम अपने बुजुर्गों को, अपने घर के जो असली मालिक हैं, उनको हम मान-सम्मान नहीं दे पा रहे हैं? उप सभाध्यक्ष महोदय, हम तो बात कर रहे हैं साधारण वृद्धों की और साधारण विधवाओं की, कभी आपने देखा है लोकनायक भवन में जाकर कि किस तरह वह वृद्ध स्वतंत्रता सेनानी लाईन में जाकर खड़ा रहता है और उसे उस कार्यालय का बैठा हुआ क्लर्क किस तरह दुत्कारता है, जिसकी आवाज पर किसी दिन ब्रिटिश साम्राज्यवाद का कलैक्टर कांपता था, जिसकी आवाज पर किसी दिन ब्रिटिश साम्राज्यवाद वायरलैस के माध्यम से अपने लोगों के पास खबरें भेजा करता था कि इतना बड़ा दुर्दांत वहस्वतंत्रता सेनानी है जिसको उनकी भाषा में उन्होंने एक्स्ट्रीमिस्ट कहा था, आतंकवादी कहा था, उसको देखकर यह हमारे सरकारी अधिकारी, सरकारी कुर्सी और टेबल पर बैठे हुए क्लर्क किस तरह बदतमीजी से पेश आते हैं और उसके सामने सिगरेट का धुंआ छोड़ते हुए और उसे कैसे कहते हैं कि तुम्हें किसने परमिशन दी, तुम दफ्तर के

[श्री सत्य प्रकाश मालवीय]

अन्दर घुस आए हो और यह क्या कामज कबाड़ इकट्ठा करके ले आते हो, उठाकर बाहर फैंक देते हैं । उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं बिहार से आता हूं । कोई दिन ऐसा नहीं आता जिस दिन कोई एक स्वतंत्रता सेनानी आकर अपने आंसू को न गिराकर जाता हो । हर रोज अपने दुखड़े वह रोते हैं । बिहार सरकार और कई स्वतंत्रता सेनानियों ने जब उनके नाम रेकमेंड किए हैं, उनको आज तक हम अपने स्वतंत्रता सेनानियों को पेंशन नहीं दे सके । हमारे मित्र ने एक अच्छा विचार लाया है कि हमारे देश के वृद्धों और विधवाओं को पेंशन मिलनी चाहिए । यह विचार आज का नहीं है, यह युग-युगांतर से यह आह समाज की जो है, यह आवाज जो समाज की है यह उठी है । यह झंडा सबसे पहले राजा राम मोहन राय ने लहराया था जब उन्होंने कहा था कि विधवाओं को फिर से स्थापित करने के लिए उनके विवाह कर देने चाहिएं । राजा राममोहन राय का बड़ा विरोध हुआ था । उन्होंने क्या किया था उनकी एक असिस्टेंट के लिए उनका विवाह करने के लिए बात कही थी । आज हम ऐसे कानून बनाकर भी, हम ऐसी प्रथा चलाकर भी हम उसे इम्प्लीमेंट नहीं कर सके हैं क्योंकि ऐसे कोई कानून नहीं हैं । आज वह दर-दर को ठोकर खाती हैं । वही राजा रामोहन राय का झंडा जो फहराया हुआ था, उस झंडे को ले कर जब विद्यासागर गली-गली घूमें और प्रचार किया ,उन्हें भी लोगों ने दुत्कारा ।

3.00 P.M.

उनकी समाज में बहुत भर्त्सना हुई, पर उन्होंने इस आवाज को बुलंद किया था । आज हम इस संसद में बैठकर जब इस पर विचार कर रहे हैं तो हमें सिर्फ पेंशन पर ही सीमित नहीं रहना चाहिए, हमें उनको उनके रिहैबिलिटेशन के लिए सारी व्यवस्था करनी चाहिए । महोदय, मैं सिर्फ कंपेअर कर रहा था कि आज 45 साल हो गए पर हम स्वतंत्रता सेनानियों को पेंशन नहीं दे सके हैं । उपाध्यक्ष महोदय, अगला साल 1992 सन् 1942 के गांधीजी के इंडियन फ्रीडम मूवमेंट के 50वें साल के रूप में मनाएंगे । अब अगर आप थोड़ा-सा विचार करें उन लोगों के बारे में जिन्होंने गांधीजी के कहने पर ब्रिटिश साम्राज्यवाद के खिलाफ भारत छोड़ो आंदोलन छेड़ा, जेल गए और पुलिस की बेंत खाए, अगर आज उनसे पूछें कि क्या तुमने कभी कल्पना की थी कि आजाद भारत में लोक नायक भवन में जिस वक्त जाओगे तो तुम्हें इस तरह धक्के खाने होंगे और पेंशन नहीं दी जाएगी । उपसभाध्यक्ष महोदय, यह शर्म की बात है कि आज भी करीब साढ़े 12 हजार स्वतंत्रता सेनानी ऐसे हैं जिनके पेंशन केस पेंडिंग पड़े हैं और उन पर विचार हो रहा है । रोज क्लर्क उनको इस टेबिल से उस टेबिल तक घुमाता रहता है । आज तक उन पर विचार नहीं हुआ है ।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BHAS. KAR ANNAJI MASODKAR): I would draw the attention of the hon. Minister to what Mr. Ahluwalia is referring to.

SHRI S. S. AHLUWALIA: This is not 'her subject.

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PERSONNEL, PUBLIC GRIEVANCES AND PENSIONS (SHRIMATI MARGARET ALVA) : He is talking about freedom fighters' pension. It conecrns the Home Ministry. But I will certainly take note of it.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BHAS. KAR ANNAJI MASODKAR): It is regrettable. IE this is the situation that freedom fighters have to wait in queue...

SHRIMATI MARGARET ALVA: It is very unfortunate.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BHASKAR ANNAJI MASODKAR): On the contrary, you should see that pension reaches them and they should not *have* to come.

SHRIMATI MARGARET ALVA: I will bring it to the notice of the Home Ministry.

श्री सुरेन्द्रजीत सिंह अहलुवालिया : उपाध्यक्ष महोदय, हमने सरकारी पेंशन देने के लिए जन अदालत बनायी है । उस खुली अदालत में पेंशन का फैसला होता है । क्यों नहीं सरकार फैसला लेती कि लोक अदालत बनाए और यहां दिल्ली से मिनिस्टर होम मिनिस्ट्री के

स्टाफ को लेकर स्टेट में जाएं और वहां के गृह मंत्री की अनुशंसा के साथ वहीं स्वतंत्रता सेनानियों को स्पाट पर पेंशन का फैसला करें । अगला साल हम 50वां साल मनाएंगे, लेकिन अभी तक हम उन्हें पेंशन नहीं दे सके हैं । उपसभाध्यक्ष महोदय, स्वतंत्रता सेनानियों को जिस वक्त पेंशन देने की घोषणा की गयी थी, उस समय उनके मन को चोट पहुंची थी, उन्होंने उसे ठुकरा दिया था कि हमने पेंशन लेने के लिए आजादी की लड़ायी नहीं लड़ी । उन्होंने उस वक्त यह कहा था, मगर आज मजबूरियां इतनी हैं, तकलीफें इतनी हैं, मंहगाई इतनी है कि उस पेंशन के बगैर गुजारा भी नहीं चलता है । आज जाइंट फैमिली का कंसेप्ट हमारे देश में आहिस्ता-आहिस्ता लुप्त होता जा रहा है । यह जाइंट फैमिली का कंसेप्ट आज खत्म हुआ है, परिवार टूटा है, मियां-बीवी साथ रहना चाहते हैं । महोदय, यह सांस्कृति कल्चर है जिसमें मम्मी, पापा, बच्चे, आया और कुत्ता बैठ सकते हैं । वहां मां-बाप के लिए जगह नहीं है । इस कल्चर में आज हम रह रहे हैं । यह कल्चर हमारे समाज में किस तरह घुन लगा रही है, यह सोचने की बात है । इसमें परिवर्तन लाने की जरूरत है । हम टी०वी सीरियल देखते कि हैं कभी जाइंट फैमिली हुआ करती थी और दादा-दादी भी साथ रहा करती थी । आप आज किसी बच्चे से पूछिए कि तुम्हारी दादी कहानी सुनाती है तुम्हारी नानी कहानी सुनाती है ? बच्चे कहते हैं दादा कौन है दादी कौन, सुनाना कौन है, नानी कौन है, हम नहीं जानते ? ऐसी बहुत सारी चीजें हैं जिन्हें ध्यान में लाने की जरूरत है और जब हम इस विधेयक पर विचार कर रहे हैं तो इन बातों पर भी ध्यान देने की जरूरत है । कि यह मामला सिर्फ पेंशन तक सीमित नहीं है कि हम इतनी पेंशन देंगे । उपसभाध्यक्ष महोदय, अगर आप कभी वृन्दाबन जायें तो वहां बंगाल, आसाम और उड़ीसा की विधवायें मिलेंगी और आपको आश्चर्य होगा कि वहां जो बैंक्स हैं, उनमें इन विधवाओं के बैंक अकाउंटस हैं, करोड़ों की एफ० डी०आर० हैं । वह मर गयी है और वह बैंक वाले उस रुपए का क्या कर रहे हैं ? यह रुपया किसी इंडस्ट्रियल असिस्टेंस में जा रहा है या और कहीं एडवांस में जा रहा है, वह रुपया जोकि विधवाओं के अकाउंट्स या उनके एफ० डी०आर० से आता है । महोदय, ये विधवायें बड़े-बड़े परिवार से आती हैं । आप पांडिचरी में चले जायें, वहां अरोविल आश्रम में विधवायें मिल जाएंगी । और बहुत बड़े-बड़े परिवार की विधवायें, जो लाखों की संपत्ति लेकर आती हैं, लाखों के एफ०डी०आर० लेकर आती हैं वे अगर मर जाती हैं तो उनका कोई क्लेमेंट नहीं है, कोई बिल नहीं है और अगर बिल है भी तो उस पैसे को मांगकर कोई वापस लेने वाला नहीं है । उपसभाध्यक्ष महोदय से पैसे का उपयोग इस विधेयक के माध्यम से उनके वैलफेयर के लिए करने की जरूरत है ।

उपसभाध्यक्ष महोदय, बहुत सारे क्राइटेरियाज बने हैं कि अगर पेंशन दी जाएगी तो मैं जैसे फ्रीडम फाइटर्स की बात कर रहा था, फ्रीडम फाइटर्स भी वृद्ध हैं, पर जब आप कोई वृद्धा पेंशन देते हैं तो आप कहते हैं कि आप आलरेडी एक पेंशन ले रहे हैं, जो फ्रीडम फाइटर्स की पेंशन है, इसलिए आपको वृद्धा पेंशन नहीं मिलेगी । इस क्लाज को इसमें से निकाल देना चाहिए क्योंकि उसको जो फ्रीडम फाइटर्स की पेंशन मिल रही है, वह एक सम्मान है और यह जो आप उसको वृद्धा पेंशन दे रहे हैं, यह उसका गुजरान है और गुजारन व सम्मान में फर्क है । । इसलिए फ्रीडम फाइटर्स को डबल पेंशन मिलनी चाहिए, अगर वह वृद्ध है—वृद्ध तो होगा ही क्योंकि 50 साल हो चुके हैं भारत छोड़ो आन्दोलन को । तो ऐसे आदमी को फ्रीडम फाइटर्स की भी और वृद्धा पेंशन भी, दोनों मिलनी चाहिए, उसमें कोई कटौती नहीं होनी चाहिए ।

महोदय, हमने बहुत सारे कानून बनाए हर जगह । स्कूल में एडमिशन हो अस्पताल में एडमीशन हो या डी०डी०ए० फ्लैट्स की प्रायारिटी लिस्ट हो या और भी बहुत सारी चीजों बनाई हैं पर उसमें हमने कहीं भी वृद्ध के लिए या विधवा के लिए कोई प्रोविजन नहीं रखा है । हमें इस

[श्री सुरेन्द्रजीत सिंह अहलूवालिया]

पर गौर करने की जरुरत है क्योंकि मैंने पहले जैसा शुरूआत में अपने वक्तव्य में कहा कहा कि आये दिन हम जो देखते हैं कि दिल्ली में इतना क्राइम हो रहा है और खास कर के वृद्ध दम्पतियों के साथ हो रहा रहा है, इसको दूर करने की जरूरत है ।

और तो और, उपसभाध्यक्ष महोदय, कभी आप डा० राम मनोहर लोहिया अस्पताल या आल इंडिया इंस्टीट्यूट आफ मैडिकल सांइस के ओ०पी०डी० काऊंटर पर जाकर खडे हो जाइये तो आप देखेंगे कि अगर किसी वृद्ध के साथ कोई यंग लडका या लडकी उसके अटेन्डेंट के रूप में वहां नहीं आया हो तो वह शायद रोज चक्कर ही लगाता रहेगा—न उसकी पर्ची बन सकती है और न वह डाक्टर को दिखा सकता है । उपसभाध्यक्ष महोदय, इन चीजों पर ध्यान देने की जरूरत है। इसलिए हर एक सरकारी और गैर सरकारी अस्पताल में वृद्धों के लिए अलग लाइन होनी चाहिए ।

डी०टी०सी० में एक वृद्ध आदमी नहीं चढ़ सकता है । अगर उसकी पाकिट अलाऊ नहीं करती है तो वह कहीं नहीं पहुंच सकता है । डी०टी०सी० की बस महिलाओं के लिए अलग है और दूसरे पैसेंजर्स के लिए अलग है और उसमें जो क्यू रहता है, कभी आप खडे होकर देखिए वोट क्लब पर, सब धक्का मारकर चढ जाते हैं और अगर कोई वृद्ध है तो उसकी कम से कम 6–7 बसें छूट जाती हैं, तब कहीं जाकर वह बस पर चढ़ सकता है । तो यह वृद्ध, जो हमारे मुल्क की असली सम्पत्ति हैं, जिन्होंने आज का भारत संजोया है –आज का भारत जो हमारे सामने है, वह हमने नहीं बनाया है, हमारे बुजुर्गों ने बनाया है । आप का भारत जो हमारे हाथ में है, यह उनकी दी हुई सौगात है और उनके साथ जो ऐसी अवहेलना समाज में होती है, यह बडी निन्दनीय है ।

उपसभाध्यक्ष महोदय, कहीं-कहीं तो ऐसा देखा जाता है कि आए दिन डावरी एक्ट के केस होते हैं कि बहू जल गई, पर यह कोई नहीं देखने जाता कि वह बहू सास को या ससुर को कैसे जलाकर मार रही हैं । इस पर विचार करने के लिए क्या कभी गौर किया गया ? वह बहू जब सास को दूध चाहिए तो उसको पानी पिलाती हैं, जब उसको फल चाहिए तो फल का छिलका खिलाती है। इस बात पर विचार करने के लिए भी कोई कोई एक्ट होना चाहिए और जब वह मां-बाप बहू से तंग होकर या अपने बेटे, जो कि घर जमाई बन गया है, उससे तंग होकर जब पुलिस स्टेशन में जाते हैं तो उनको प्रोटेक्शन देने के लिए कौन है ? तब वे वापिस नहीं आते और दूसरे दिन अखबारों में यही छपता है कि वह वृद्ध दम्पत्ति मर गए, गाडी के नीचे कुचले गए या रात को लुटेरों ने आकर लूट लिया । वही बेटा-बहू आकर मार डालते हैं, कोई केस नहीं बनता और कोई पूछने वाला नहीं होता । महोदय, इनको इस तरह की मदद देने की जरूरत है ! फिर यह जो पेंशन शुरू करें, तो यह पेंशन कहीं-नहीं देखा गया है, अखबारों में में आम पढ़ने को मिलता है कि एक शराबी लडके ने अपने मां-बाप से शराब पीने के लिए पैसे मांगे और नहीं देने पर मां को पटक कर मार डाला, उसका सिर फूट गया या बाप मर गया, या उसको हैमरेज हो गया और मर गया या उसको चाकू घोंप दिया । ऐसी खबरें रोज अखबारों में छपती हैं। तो उपसभाध्यक्ष जी, इनको यह पेंशन दी जाए जो ऐसे लायक लोग हैं । हर गांव और जिला स्तर पर, ब्लाक स्तर पर और राज्य स्तर पर होस्टल बनने चाहिए, ओल्डएज होम्स बनने चाहिए और वहां इनको हर तरह की फैसिलिटी दी जाए । वहां इनको मैडिकल एड दी जाए, वहां इनको रीडिंग मैटिरियल दी लाईब्रेरी जाए अगर वहां वह पूजा-पाठ करना चाहते हैं तो उसके बंदोबस्त किया जाए और उसके साथ पेंशन दी जाए । क्योंकि रिहैबिलिटेशन की बंदोबस्त, मैं समझता हूं कि यह हमारा सब का फर्ज है, जो आज आज वर्तमान भारत के साथ जुड़ा हुआ है और वर्तमान भारत का भविष्य निर्माण कर रहे हैं हम तब तक भारत का निर्माण नहीं कर सकेंगे, जब तक हम अपने पूर्वजों को, अपने बुजुर्गों को मान-सम्मान नहीं देंगे । मैं यही कहते हुये आपकी इजाजत चाहता हूं । धन्यवाद ।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BHASKAR ANNAJI MASODKAR); Shrimati Satya Bahin. Not present. Shri Ish Dutt Yadav... Not present. Shri Ranjit Singh.

श्री रणजीत सिंह (हरियाणा) : माननीय उपसभाध्यक्ष महोदय, आज हमारे माननीय साथी श्री सुरेश पचौरी जी ने जो बिल बुजुर्गों और जरूरतमंद विधवाओं के लिए मूव किया है, मैं उसका समर्थन करने के लिए खड़ा हुआ हूं। मेरे से पहले जो सदस्य बोले हैं, उन्होंने भी इस पर काफी विस्तार से प्रकाश डाला और अच्छी बातें कहीं हैं।

उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं यह समझता हूं कि यह एक ऐसा बिल है जिस पर हम बहस कर रहे हैं या जिसके समर्थन में हम सब बोल रहे हैं। पर यह आज तो बुजुर्गों का है और हमारा कल है। इस स्टेज पर हर आदमी को निकलना है। जैसा मेरे से पहले मेरे दूसरे साथी ने जिक्र किया कि पूरा सोशल सैट-अप बदल गया है। पहले हमारे परिवार जोइंट होते थे, जिसमें दादा-दादी, भाई तथा तीसरी पीढ़ी तक के लोग भी रहते थे और आजकल परिवार का जो सैट-अप बन गया है वह अकेले एक छोटी फैमिली में आ गया है। शादी होते ही सब बच्चे अलग हो जाते हैं। उन्हें अपने दादा को, दादी को या जो बुजुर्ग हैं, उनकी तकलीफ का, मैं समझता हूं कि नये बच्चों को जो अगली कम्प्युटर जनरेशन आ रही है उन्हें इस बात का बिल्कुल ही इल्म नहीं है। तो इस सारे में यह समझता हूं कि हमें ऐसा कुछ करना चाहिए जिससे कि उन बुजुर्गों के लिए सिक्योरिटी मिले। बुजुर्गों का इस देश में क्या महत्व है, वह मैं एक छोटे से हूं स्टेंस आपको कोट करके कहता हूं।

जैसे अमरीका में लास एनजिलीस फ्लोरिडा में जाते हैं तो वहां डिजनीलैंड है। मेरे ख्याल में जहां बहुत से माननीय सदस्य अवश्य गए होंगे। ऐसा ही केनेडा में डिजनीलैंड है, जहां हमारे चंडीगढ़ के चीफ जस्टिस हैं तिवाना साहब। उन्होंने कभी युनिवर्सिटी के अपने लैक्चर में बताया था कि जब वे केनेडा में म्युजियम को देखने गए थे तो उनके साथ वहां उनकी बेटी भी, उनके दामाद और उनके बच्चे साथ थे। जब वे लाईन में खड़े होकर टिकट लेने लगते हैं तो वहां बच्चों का, उनके दामाद और बेटी के टिकट का दस डालर फी चार्ज किया जाता है और जब तिवाना साहब का नम्बर आया, जो बुजुर्ग आदमी थे तो उनसे जब चार्ज करने की बात आयी तो, उनसे दस डालर के बजाय केवल दो डालर चार्ज किया। तो जस्टिस तिवाना कहने लगे कि :

"Why this difference ? Why are you charging only two dollars for me whereas you have charged ten dollars for the other person?" Then the reply was "You are a senior citizen of the State. That is why we are charging you only two dollars."

तो मेरे कहने का मतलब है, हमारे जो बुजुर्ग हैं, मैं उन्हें कहूंगा कि वह हमारे सीनियर सिटीजंस हैं और उनके लिए ऐसी व्यवस्था होनी चाहिए। जब यह एक प्रजातांत्रिक देश है, पढ़े-लिखे बुद्धिजीवियों का देश है जिसमें ऐसा करना, मैं समझता हूं यह आवश्यक ही नहीं, बहुत ही निहायत जरूरी है। दूसरी बात मैं आपसे यह कहूंगा कि बुजुर्गों में कुछ गवर्नमेंट सर्वेंट्स भी हैं जो जब रिटायरमेंट पर आते हैं तो वे एक्सटेंशन के लिये एप्लाई करते हैं। एक एक्सटेंशन मिलता है तो उसके बाद दूसरे एक्सटेंशन के लिये एप्लाई करते है। फिर दूसरे के बाद तीसरे के लिये एप्लाई करते हैं। ऐसा वे क्यों करते हैं? ऐसा वे इसलिये करते हैं क्योंकि उनको अपना भविष्य अच्छा नहीं दिखाई देता। वे समझते हैं कि रिटायर हो जाने के बाद घर में उनकी इज्जत नहीं होगी, बच्चों में इज्जत नहीं होगी। इसलिये वे रिटायर होने पर चाहते हैं कि उनको एक्सटेंशन मिल जाये। जब उन्हें दूसरा एक्सटेंशन मिलता है, उस समय उनकी जो अवस्था होती है, उसके बारे

[श्री रणजीत सिंह]

में मैं कहना चाहता हूं कि--

Even one leg is in the grave, and the second is on the banana skin. Although he has retired, still, he would not like to be retired.

हम ऐसी सोसायटी में, ऐसे कंसेप्ट में रह रहे हैं। तो मेरा आपसे निवेदन है कि जिस देश की फाइनेंशियल कंडीशंस ऐसी हों, जहां बिलो पोवर्टी लाइन 80 परसेंट लोग रह रहे हों, जब हम मोहताज हैं हर तरीके से, ऐसी हालत में मैं समझता हूं कि हम ऐसी स्थिति में नहीं है कि अपने आपको संभाल पायें।

मुझ से पहले मालवीय साहब ने जिक्र किया हरियाणा में ओल्ड ऐज पेंशन का। मैं भी उस सरकार में मिनिस्टर था। यह रिकार्ड की बात है कि हरियाणा में 100 रुपये पेंशन हर ऐसे आदमी को जिसकी उम्र 65 वर्ष हो गई है, देने का प्रस्ताव हमारी कैबिनेट ने पास किया था। जब इसके इम्प्लीमेंटेशन की बात आई तो कैबिनेट के तीन मेंबर्स की एक कमेटी बनी थी, यह डिसाइड करने के लिये कि इसका इंप्लीमेंटेशन कैसे करेंगे? तो चीफ मिनिस्टर साहब का हुक्म यह था कि अगर इसमें कमीशन बनेंगे तो बहुत देर लगेगी तो इस प्रक्रिया में ज्यादा समय न लगे इसलिये उन्होंने कहा कि वोटर लिस्ट उठा लो और पटवारी से पूछकर जिसकी ऐज 65 साल हो गई है उसे पेंशन रीलीज कर दो। आप विश्वास नहीं करेंगे 26 दिन में इसे इंप्लीमेंट कर दिया गया और हर गांव में पेंशन मिलनी शरू हो गई। मैं यह नहीं कहता कि कितनों को मिली, कितनों को नहीं मिली। मैं भजनलाल जी के खिलाफ भी नहीं हूं। मैं यह कहना चाहता हूं कि कि इस तरह हमने एक नया प्रिसीडेंट चलाया जिसे दूसरे स्टेट्स को भी फौलो करना चाहिये था। उसे अब हरियाणा में कुछ हद तक रोका गया। मैं कुछ फ़िगर्स नहीं दे सकूंगा कि कितने लोग इससे अफेक्टेड हुये हैं पर मैं समझता हूं कि यह बजुर्ग लोगों के लिये बहुत अच्छा प्रयास था और इसलिये सारे हाऊस को इस बात पर सहमत होना चाहिये कि जो वहां हुआ है उसे दूसरी स्टेटों में भी इंप्लीमेंट करना चाहिये और उसे आगे बढ़ाया जाना चाहिये।

महोदय, एक गवर्नमेंट सर्वेंट जो होता है वह जब रिटायरमेंट पर आता है तो उसे प्रोविडेंट फंड मिलता है, ग्रेच्युटी मिलती है और मां-बाप के मन में बच्चों के लिये इतना स्नेह होता है कि कोई भी बुजुर्ग जब सर्विस से रिटायर होता है तो अपने प्रोविडेंट फंड और ग्रेच्युटी के रुपयों को बच्चों के मकान के लिये खर्च कर देता है। उसमें से वह अपने लिये कुछ भी नहीं रखता है और उसके बाद ऐसी दयनीय स्थिति उनकी होती है। तो मैं समझता हूं कि जहां ऐसा सोशल सैट अप है, वहां पेरेंट्स बच्चों के लिये इतना अफैक्शन रखते हैं, तो उनकी सिक्योरिटी के लिये जरूर हमें कुछ करना चाहिये।

हम अपने यहां देखते हैं कि यूरोप से जितने टूरिस्ट आते हैं चाहे वे दिल्ली में आयें या दूसरी जगह जायें, आपको उनमें ज्यादातर ओल्ड ऐज के आदमी मिलेंगे क्योंकि यूरोप की जो सोसायटी है उसमें जब बच्चे सैटल हो जाते हैं तो पेरेंटस के लिये बच्चों के पास कोई टाइम नहीं होता। सब अपने हिसाब से काम करने लगते हैं। कोई नौकरी कर रहा है, कोई बिजनेस कर रहा है। कुछ उनका सोशल सैट अप ऐसा है कि बजुर्गों के लिये उनके पास समय नहीं होता। ऐसे लोगों को वहां की सरकारें घूमने वगैरह के लिये कुछ कंसेशंस देती हैं और वे दूसरे देशों में घूमने के लिये निकलते हैं। मैं समझता हूं कि हमें भी अपने यहां इस चीज को लाना चाहिये।

मैं एक बात और कहूंगा कि हमें हर चीज हर जगह से मिल जाती है। हमें यूनिवर्सिटी भी मिल सकती है, कोचिंग मिल सकती है, हर जगह से एडवाईज मिल सकती है पर मैं आप

को बताता हूं कि एक कहावत है कि— nobody could beat the experiences.

जो बुजुर्ग हैं उनकी प्रजेंस ही हमारे लिये बहुत बड़ी चीज है। जिन्हें इतनी लंबी उम्र का तजुर्बा है, जिस आदमी आदमी 70 वर्ष का जिन्दगी को अनुभव किया है, दुनिया देखी है वह हमारे लिये महत्वपूर्ण है। श्रीमान चाइना में एक कहावत है "If you need a better advice, you consult old persons." मैं समझता हूं कि ऐसे सम्माननीय हमारे बुजुर्ग है कि उनके लिए खाली प्रस्ताव की ही बात नहीं होनी चाहिये, ऐक्ट बनने की बात ही नहीं होनी चाहिये, इसे सिंसियरली, ईमानदारी से इंप्लीमेंट करने के लिये भी सबको ध्यान देना चाहिये।

श्रीमन्, मैं थोड़ा सा जिक्र विडोज का भी करूंगा। विडोज की हमारे समाज में स्थिति बहुत ही दयनीय है। बहुत से बाल विवाह हो जाते हैं, छोटी उम्र में ही वे विडो हो जाती हैं; दूसरे लोग उन्हें कितना सम्मान देते हैं उसके बारे में मैं नहीं कहता, लेकिन प्रेक्टिकल जो हम सोसाइटी में देखते हैं वह मैं आपको बता रहा हूं। एक घर में 25 साल की लड़की विधवा हो जाती है तो अगर वह मां बाप के घर जाती है तो ई और भाभी उसे रखने के लिये संकोच करते हैं। ससुराल में रहती है तो उसके हस्बेंड की डेथ के बाद घर में यदि कोई शादी या अन्य फंक्शन होता है या घर में नई दुल्हन आयेगी तो उस वक्त उस औरत को हमारे समाज में आगे नहीं आने देते है। वह कहते हैं कि यह अशुभ है चाहे उसकी सबसे ज्यादा इज्जत रही है। जब इस तरह की बात हो तो विडोज के लिये भी हमें कुछ करना चाहिये जैसे ओल्ड ऐज के लिये हम कर रहे हैं।

इसके साथ ही मैं आपसे जिक्र करूंगा जैसा अहलुवालिया जी ने राजाराम मोहन राय, ईश्वरचन्द्र विद्यासागर, स्वामी विवेकानन्द आदि का जिक्र किया जिन्होंने महिलाओं के लिये, विडोज के लिये बहुत कुछ किया है। स्वामी विवेकानन्द जी ने यह कहा है कि जिस समाज में नारी की प्रतिष्ठा नहीं होगी वह समाज या देश तरक्की नहीं कर सकेगा। मैं समझता हूं कि जितने हमारे स्कालर थे, जितने हमारे विद्वान थे उनकी राय यही है कि हमें इस बात को समझकर उनके लिये सभी उपाय करने चाहिये। आज की चकाचौंध में ऐसी औरतों के लिये अपना जीवन बसर करना बहुत मुश्किल है। हमें कुछ ऐसे प्रयास करने चाहिये जिससे कि उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार हो। इसके लिये हमें क्या प्रोविजन करने चाहिए, कैसे उनके लिये रास्ता निकालना चाहिये, इस पर सोचना चाहिये। ऐसी औरतों को समाज में स्थान देने के लिये जहां एक नई समझ पैदा करने की जरूरत है, वहीं मैं समझता हूं कि महिलाओं में आत्मविश्वास की भी जरूरत है। शिक्षा की वर्तमान कमी को दूर करने लिये व्यवस्था की जाये जिसके लिये शिक्षा को निशुल्क किया जाय।

इसके साथ ही राष्ट्र के निर्माण में भी निष्क्रिय शक्ति का उपयोग करने के लिये कार्यक्रम क्रियान्वित करने चाहिये। प्रजातंत्र में वर्तमान शासन व्यवस्था में महिला वर्ग के लिये सभी पोलिटिक्स पार्टियां कहती हैं कि हमारी सरकार बनेगी तो हम इतने परसेंट टिकट पार्टी में देंगे। सरकार बनेगी तो इतनी सीटें देंगे। लेकिन सरकार जब बनती है तो सरकार बनने के बाद इतना रिप्रजेंटेशन गवर्नमेंट सर्विस में या पोलिटिकल पार्टियों में कोई नहीं देता। हमारे दूसरे साथी भी कहते हैं लेकिन मैं समझता हूं कि इसे इंप्लीमेंट करने की बात नहीं आई कि महिलाओं को रिप्रिजेन्टेशन किसी भी पार्टी ने दिया हो।

तो मैं ज्यादा लंबा भाषण न करते हुये यही कहूंगा कि मैंने जो सुझाव दिये हैं, जो मैं समझता हूं कि ठीक है, उन पर सरकार या कैबिनेट गौर से

[श्री रणजीत सिंह]

विचार करे । इन्हीं शब्दों के साथ मैं आपको धन्यवाद देता हूं ।

DR. NARREDDY THULASI REDDY (Andhra Pradesh): Mr. Vice-Chairman, "Old is gold", that is an old proverb "Old is bore", that is a new proverb. That is not main. I am telling the mood of the present-day society. Ageing in our society has been emerging as a social problem day by day. In our country we consider people who have crossed 60 years as aged people, old people.

According to 1981 census, the number Of old people estimated was 4.3 crores. That was 6.2 per cent of the total population. By 2000 AD. the number will be 7.5 crores and the percentage would be 7.6 of the total population. Where there is family support and family sympathy there are no problems. Where there is lack of family support and sympathy, the old people are facing physical, economical, social and emotional problems.

Sir, as far as the organised sector is concerned, after retirement they are getting pension, they are getting provident fund, they are getting gratuity. So there is no problem for these people in the organised sector after their retirement from service. But the main problem is with regard to the people in the unorganised sector which is a major sector in our society. For them, there is no pension. There is no gratuity. There is no provident fund. There are no welfare schemes. So the Government should think over what to do about these people in (he unorganised sector. The Government should provide financial assistance. If there is no family support from the family members, these members should be admitted in the oldage homes and they should be provided free boarding lodging and every, thing. In the old days this was not at all a problem. In those days the family ties were very strong. People used *to* respect the elders and there was devotion for the parents and people used to consi-der thefr duty towards parents as a sacred duty. But things have changed because of urbanisation, because of industrialisation. The Joint family set up has been disintegrating and the problems are arising day by day.

In the Third and Fourth Five Year Plans, comprehensive schemes 'nave been recommended for the old people. Even the Boothaligam Committee has drawn the attention of the Government to the welfare of the old people.

In this context, I would like to make some suggestions: (1) Almost all the State Governments and Union Territories are implementing the old age pension scheme. There is no doubt about it. This is nothing but an eye-wash. A very few people are getting it. *{Interruptions),* I am telling about all the State Governments. A very few people are getting it and that also a very meagre amount. The amount varies from Rs. 30 to 100 per month. At present there are nearly 50 lakh people getting yearly Rs. 227 crores. My suggestion is that every man or woman above 60 or 65 years should get invariably at least Rs. 300 per month. The Government may say because of the financial constraints, It is not possible for them to pay. Sir, I agree with them. But what about the retired employees? They are getting pension. They are getting provident fund. They are getting gratuity. For all these days they have enjoyed; and during their younger days they have enjoyed. Their children are in a better position. They are getting gratuity. Yet they are getting Rs. 1000 or Rs. 2000 or Rs. 3000 as pension per month. But what about the people in the unorganised sector? During their younger days, they have suffered a lot. Their children are not in a better position. Their health is also deteriorating. So these people are dis-criminated against. Don't discriminate against them. If there are financial constraints, pool the entire money. You are giving a meagre amount to one sector, the unorganised sector, and a large amount to the organised sector. Pool the entire amount and divide it by the number of people who are above 60 years of age. I Let them get Rs. 100/- or Rs. 200/- or

Rs 300/- or whatever it is. Without any discrimination, you distribute the money to all the aged people.

My second point is regarding the encouragement to voluntary organisations. Voluntary organisations can do better in this sector. But, unfortunately, the grant given to voluntary organisation, is very meagre. In the year 1990-91, only Rs. 88 lakhs was given as grant to voluntary organisations. It is a very meagre amount. The Government should allot more funds to voluntary organisations in the form of grants. In each district, there should be at least four or five old-age homes, especially for the destitute old.

Thirdly, the need for an Elders' Day. Sir. we are celebrating the Teachers' Day; we are celebrating the Children's Day. Like that, you fix a day and celebrate it every year as the Elders' Day so that we can create an awareness among people, so that we can create some feeling for the aged people among the younger generation. My specific emphasis is on the Elders' Day because there is no financial commitment here. Just to create an awareness in the society, every year you celebrate the Elders' Day.

For children there are so many schemes. For women there are so many schemes. But as far as elders, aged people, are concerned, there are no schemes. So, I would request the Government to evolve a national policy regarding the aged.

